# निष्क्रमण के लिए अपने परिवार को तैयार करें

**क्वीन्सलैंड में हमें उम्दा जलवायु और जीवनशैली प्राप्त है। लेकिन, प्राकृतिक खतरे जैसे कि चक्रवात, तूफान या बाढ़ हमारे पर्यावरण के अवश्यंभावी पहलू हैं। इतिहास दिखाता है कि हम इनके खतरों के प्रति उदासीन नहीं रह सकते।**

समय निकालकर निम्नलिखित कार्य करके आपात-स्थितियों के लिए तैयारी करें:

- अपनी आपातकालीन योजना बनाएँ;
- अपना आपातकालीन किट बनाएँ;
- अपने घर को तैयार करें; और
- चेतावनियों के प्रति सजग रहें

ये सरल कार्य आपको कुदरती विपदाओं के आघात के लिए तैयार होने, उनसे बचने और उनके प्रभाव को न्यूनतम करने में मदद कर सकते हैं।

यदि आप बाढ़ या तेज़ तूफान के कारण पानी की चपेट में आने की आशंका वाले क्षेत्र में रहते हों, तो निष्क्रमण (घर छोड़ने) के लिए अभी से तैयारी करके आप समय बचा सकते हैं और ऐसी आपात स्थिति सिर पर आ जाने पर तनाव-मुक्त रह सकते हैं।

**ये रहे अपनी आपात-कालीन योजना में शामिल करने हेतु तीन चरण जो आपको निष्क्रमण के लिए तैयारी करने में मदद करेंगे।**

**1. निष्क्रमण की आवश्यकताओं पर जानकारी एकत्र करें**

- क्या बाढ़, तूफान या सुनामी के कारण आपके घर के पानी से भर जाने की आशंका है?
  - संभावित खतरों के बारे में जानकारी के लिए अपने स्थानीय पुस्तकालय और स्थानीय परिषद में पता करें।
  - स्थानीय चेतावनी प्रणालियों, निष्क्रमण प्रक्रियाओं और निर्धारित निष्क्रमण मार्गों के बारे में अपनी स्थानीय परिषद में पता करें।
- किसी आपात स्थिति के दौरान आपको और आपके परिवार को क्या समर्थन उपलब्ध हो सकता है?
  - स्थानीय समर्थन अभिकरणों का संपर्क ब्योरा प्राप्त करें।
  - यदि आपके परिवार को निष्क्रमण करने में समर्थन की आवश्यकता है, तो पता लगाएँ कि स्थानीय परिषद और समर्थन अभिकरणों से क्या मदद मिल सकती है।
  - तय करें कि यदि आप अपने पालतू जानवरों को अपने साथ नहीं ले जा सकते, तो उनकी देखभाल कैसे करेंगे।

**2. निष्क्रमण से संबंधित ब्योरों को अपनी घरेलू आपातकालीन योजना में शामिल करें।**

- यदि तूफान के कारण पानी चढ़ आने या बाढ़ का खतरा हो, तो निष्क्रमण करने के लिए कोई सुरक्षित स्थान पहचानें।
  - इसके लिए सबसे अच्छा विकल्प होगा, अधिक अंदरूनी स्थानों में और अधिक ऊँचे स्थानों में सुरक्षित भवनों में रह रहे परिवार-जन या मित्र।
  - अपने निष्क्रमण स्थान का विवरण और उसके संपर्क ब्योरे अपनी आपातकालीन योजना में दर्ज करें।
- निष्क्रमण करने से पहले पूरा करनेवाले सभी कार्यों को पहचानें और उन्हें लिख लें और सुनिश्चित करें कि घर के सभी लोगों को पता है कि इन कार्यों को कैसे पूरा करना है (उदा., बिजली के उपकरणों को फर्श से ऊपर संग्रह करना, पानी, बिजली और गैस के मुख्य स्रोतों को बंद कर देना, नालियों में रेत की बोरियाँ ठूँसना)

**3. सुनिश्चित करें कि आपके घर के सभी लोग तैयार हैं और उन्हें ताज़ा सूचनाएँ मिलती रहती हैं**

- अपने साथ अपने निष्क्रमण किट में ले जानेवाली निजी और घरेलू वस्तुओं की सूची बनाएँ (निष्क्रमण किट में शामिल करने योग्य वस्तुओं की सूची के लिए इस पृष्ठ के पीछे देखें)
- नियमित रूप से अपनी आपातकालीन योजना की समीक्षा करें और उसका अभ्यास करें (हर साल तीन बार) ताकि सभी लोग निष्क्रमण के लिए आवश्यक कार्यों से परिचित हों।
- सुनिश्चित करें कि अपने गराज में पर्याप्त मात्रा में ईंधन संग्रह किया गया है ताकि आप थोड़े समय की पूर्वसूचना पर ही निष्क्रमण कर सकें।
- अपने क्षेत्र के लिए सर्वोत्तम निष्क्रमण मार्गों को पहचानने हेतु स्थानीय सामुदायिक सुरक्षा घोषणाएँ (रेडियो और टीवी पर) सुनें।
- अपने मित्रों और पड़ोसियों को तैयारी करने में मदद करके और उन तक चेतावनियों के बारे में सूचनाएँ पहुँचाकर उनकी मदद करें, विशेषकर बुज़ुर्ग जनों और उन व्यक्तियों की, जिन्हें विशिष्ट सहायता की आवश्यकता है।
- यदि आप क्वीन्सलैंड में या अंतर-राज्य के क्षेत्र में पर्यटन कर रहे हों और वहाँ आपका कोई परिवार-जन या मित्र न होने के कारण आपको कोई सुरक्षित स्थान उपलब्ध न हो, तो निष्क्रमण के संबंध में आपको उपलब्ध विकल्पों को पहचानने हेतु अपने आवास प्रबंधक से संपर्क करें।

**निष्क्रमण के लिए स्मरणिका**

- ☐ क्या निष्क्रमण करने की आधिकारिक सलाह दी जा चुकी है?
- ☐ क्या आपको पता है कि आप कहाँ को निष्क्रमण करनेवाले हैं?
- ☐ क्या वह स्थान जहाँ आप निष्क्रमण करनेवाले हैं, अधिक अंदर स्थित है, अधिक ऊँचाई पर स्थित है और सुरक्षित है?
- ☐ क्या सर्वोत्तम निष्क्रमण मार्ग के बारे में आपको पता है?
- ☐ क्या आपके वाहन में पर्याप्त ईंधन है?
- ☐ क्या आपने निष्क्रमण किट पैक कर लिया है?
- ☐ क्या आपने अपना आपातकालीन किट और अपनी आपातकालीन योजना की एक प्रतिलिपि रख ली है?
- ☐ क्या आपके पास अपने परिवार के लिए आवश्यक दवाएँ हैं?
- ☐ क्या आपने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ और कीमती वस्तुओं को पैक कर लिया है?
- ☐ क्या आपने अपने घर के बिजली, गैस और पानी के मुख्य स्रोतों को बंद कर दिया है?
- ☐ क्या आपके पालतू जानवर सुरक्षित हैं और बाँध दिए गए हैं?
- ☐ क्या आपने अपने घर को सुरक्षित कर दिया है और दरवाज़ों पर ताला लगा दिया है?
- ☐ क्या आपने आपात समय में उपयोग करने हेतु पानी की पर्याप्त मात्रा पैक कर ली है?
- ☐ क्या आपने बुज़ुर्ग अथवा अक्षम पड़ोसियों की खोज-खबर ले ली है?
- ☐ यदि आपने उपर्युक्त कार्य कर लिए हों, तो सुनिश्चित करें कि आपके पास अपना आपातकालीन किट और निष्क्रमण किट है और अपनी निष्क्रमण योजना पर अमल प्रारंभ कर दें।

## हमेशा याद रखें

**आपातकालीन योजना का होना आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने, उनके समय बचे रहने, तथा उनसे निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण पूर्वोपाय है।**

**घर के सभी लोगों को पता होना चाहिए कि आपकी आपातकालीन योजना कहाँ रखी हुई है।**

**अपने घर के सभी लोगों के साथ अपनी आपातकालीन योजना का अभ्यास करें और सुनिश्चित करें कि आपात-स्थिति के समय सभी को पता है कि उन्हें क्या करना है।**

# निष्क्रमण किट

**आपको अपने निष्क्रमण किट को एक मजबूत और ले जाने में आसान थैली में अथवा जलरोधी पेटी में रखना चाहिए और इसे किसी सुरक्षित और पहुँचने में आसान स्थान में संग्रह करना चाहिए।**

**आपका निष्क्रमण किट इस तरह से अभिकल्पित किया गया है कि वह आपके आपातकालीन किट का पूरक है। जब आप निष्क्रमण करें, तब अपनी आपातकालीन योजना को सक्रिय करते समय अपने आपातकालीन किट, अपनी आपातकालीन योजना और अपनी निष्क्रमण किट को साथ में रखें।**

**अपने निष्क्रमण किट में शामिल करने योग्य वस्तुएँ**


- परिवार के सभी सदस्यों के लिए कई जोड़े कपड़े (लंबे पतलून, लंबी बाँहों वाली कमीज़ें, टोपी और मजबूत जूतों की सिफारिश की जाती है), जिन्हें जलरोधी प्लास्टिक थैलियों में संग्रह कर देना चाहिए
- आवश्यक दवाओं की अतिरिक्त खेप और दोबारा दवाएं प्राप्त करने के लिये नुस्खे
- प्राथमिक सहायता का अतिरिक्त समान, सनस्क्रीन और कीड़ों को भगानेवाले साधन
- शौच और स्वच्छता की चीजों की अतिरिक्त मात्रा
- परिवार के सभी सदस्यों के लिए तकिए, स्लीपिंग बैग और चादरें
- बच्चों के लिए किताबें और खेल के सामान
- अतिरिक्त डिब्बा बंद शिशु आहार, अन्य आहार और नैपी (यदि आवश्यक हों, तो)
- जलरोधी प्लास्टिक की थैलियों में कीमती वस्तुएँ, फोटो (प्रिंट, कॉंपैक्ट डिस्क (CDs), यूएसबी, डैटा स्टिक) और यादगार चीजें
- नकद में अतिरिक्त पैसा
- मोबाइल फोन, अतिरिक्त बैटरी और चार्जर

**महत्वपूर्ण दस्तावेज़**

- अपने आपातकालीन किट और निष्क्रमण किट में निम्नलिखित दस्तावेज़ों की मूल प्रति अथवा प्रमाणित प्रतिलिप रखें।
- इन दस्तावेज़ों को स्कैन करके एक यूएसबी मेमरी स्टिक या सीडी में कॉपी कर लें और इसे भी अपने किट में शामिल करें। इन सभी वस्तुओं को सीलबंद प्लास्टिक थैली में रखें।

- ☐ आपके घर और उसके सामान के बीमा के दस्तावेज़
- ☐ वाहनों और कीमती वस्तुओं के बीमा के दस्तावेज़
- ☐ बहुमूल्य घरेलू वस्तुओं की सूची
- ☐ वसीयत और बीमा के दस्तावेज़
- ☐ घर का अनुबंध/घर को रेहन रखने के दस्तावेज़
- ☐ जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र
- ☐ पासपोर्ट/वीज़ा के विवरण
- ☐ प्रतिभूतियाँ और बोन्ड
- ☐ मेडीकेयर और पेन्शन कार्ड
- ☐ टीकाकरण के अभिलेख
- ☐ बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड के विवरण
- ☐ महत्वपूर्ण कंप्यूटर फाइलों का बैकअप
- ☐ अपनी घरेलू आपातकालीन योजना की प्रतिलिपि
- ☐ आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए फोन नंबर

## निष्क्रमण किट




यह सूचनापत्र केवल जानकारी के लिए है और इसे नेक इरादे से उपलब्ध कराया गया है। किसी के भी द्वारा इस सूचनापत्र में दी गई जानकारी पर निर्भर करने से सीधे अथवा परोक्ष रूप से किसी को भी होने वाली क्षतियों या नुकसानों (जिनमें परिणाम स्वरूप होने वाली क्षति या नुकसान शामिल हैं) के लिए सामुदायिक सुरक्षा, आपातकालीन प्रबंध विभाग क्वीन्सलैंड और राज्य आपातकालीन सेवा किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होंगे।

आपात स्थितियों के लिए तैयारी करने के बारे में अधिक जानकारी हेतु इस वेबसाइट में पधारें - ***www.disaster.qld.gov.au***

© 2011 Department of Community Safety



Queensland Government